Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006
Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

an>

Title : Need to develop Kaleshwar Temple and Brahmaji Temple in Etawah, Uttar Pradesh as a Tourist Spot.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री जी से निवेदन करुंगा कि हमारे संसदीय क्षेत्र इटावा में एक कालेश्वर मंदिर है और बड़ी संख्या में दर्शनार्थी उस मंदिर में आते हैं और वहां एक पंचनंद स्थान भी है जहां पांच नदियों का संगम है। साथ ही ब्रह्माणी मंदिर है जो बहुत पुराना है और साथ ही चम्बल का क्षेत्र लगा हुआ है। वहां पिलुआ महाराज जी का भी मंदिर है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से विनती करुंगा कि उत्तर प्रदेश सरकार तो वहां सहायता कर रही है केन्द्र सरकार भी इन स्थानों के लिए तथा चम्बल क्षेत्र के लिए एक पैकेज देने का काम करे जिससे इनका विकास हो सके और इन स्थानों को पर्यटन-स्थल घोति करें ।